बालाघाट में मैंगनीज शोधक संयंत्र का लगाया जाना

2384. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या इस्पात, खान और कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश के बालाघाट में मैंगनीज ओर आफ इंडिया द्वारा एक मैंगनीज शोधक संयंत्र लगाए जाने के बारे में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

इस्पात विभाग में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : सम्भवतः माननीय सदस्य का अभिप्राय मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में प्रतिवर्ष 60,000 टन फैरो-मैंगनीज का उत्पादन करने के बारे में मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड के प्रस्ताव से है। देशीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में इसकी पर्याप्त मांग न होने के कारण इस परियोजना को प्रास्थगित रखा गया है।

Security Paper Mill, Hoshangabad

2385. SHRI SHANKARRAO NARAYANRAO DESHMUKH: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) when the Security Paper Mill at Hoshangabad was modernised;

(b) what was the output of security paper before and after its modernisation;

(c) how much amount was spent in foreign exchange for its modernisation;

(d) whether security paper is still being imported; and

(e) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARI): (a) The modernisation of Security Paper Mill, Hoshangabad was completed on 5th August, 1983.

(b)

	Year	M. Tons
Production before modernisation . . .	1982-83	1917·80
Production during modernisation . . .	1983-84	3251·17
Production after modernisation . . .	1984-85	3643·63

(c) £6.08 Million Pound Sterling.

(d) Yes, Sir.

(e) Since quantity of paper manufactured in the Security Paper Mill Hoshangabad does not meet the full requirements of the two Printing Presses, viz., Bank Note Press, Dewas and Currency Note Press, Nasik, the Government has perforce to import the paper from abroad in order to meet the gap.

टैरिफ मद सं० 68 के संबंध में अहमदाबाद इंजीनियरिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन से प्राप्त आवेदन पत्र

2386. **श्री सीताराम केसरी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टैरिफ मद सं० 68 के संबंध में अहमदाबाद इन्जीनियरिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन से कोई आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है ; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उस पर क्या निर्णय लिया गया है ?